दिनांक 27.05.2026 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने निगम की कार्रवाई, आवारा मवेशियों को पकड़कर गौठान भेजा गया

भिलाईनगर। शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, यातायात बाधा एवं नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आवारा मवेशियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार रोका छेका विभाग की टीम प्रतिदिन शहर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों एवं व्यस्त बाजार क्षेत्रों में अभियान चलाकर सड़कों पर बैठे एवं घूम रहे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है

नगर निगम की टीम द्वारा ऐसे मवेशियों को पकड़कर कोसानाला गौठान भेजा जा रहा है, जहां उनके रहने, खाने-पीने एवं उपचार की समुचित व्यवस्था की गई है। गौठान में मवेशियों के लिए चारा, पानी एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि उन्हें सुरक्षित वातावरण मिल सके। निगम प्रशासन का कहना है कि शहर में लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे थे, जहां सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। विशेषकर रात्रि के समय एवं व्यस्त मार्गों पर यह स्थिति अधिक गंभीर हो जाती है। रोका.छेका विभाग की टीम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों, पावर हाउस क्षेत्रए सुपेला, वैशाली नगर, खुर्सीपार, नेहरू नगर सहित अन्य भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है। अभियान के दौरान सड़कों पर बैठे मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम नागरिकों को राहत मिल सके।

निगम प्रशासन ने बताया कि आवारा मवेशियों के कारण कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। दोपहिया वाहन चालक एवं राहगीर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। बरसात के मौसम में सड़कों पर फिसलन बढ़ने के कारण यह खतरा और अधिक बढ़ जाता है। इसी को देखते हुए निगम द्वारा यह विशेष अभियान गंभीरता से चलाया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई ने शहर के खटाल संचालकों एवं मवेशी मालिकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को घरों एवं खटालों में बांधकर रखें तथा उन्हें सड़कों पर खुला न छोड़ें। निगम ने स्पष्ट किया है कि यदि मवेशी सड़कों पर पाए जाते हैं तो उन्हें पकड़कर गौठान भेजने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि शहर को सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

संलग्न-फोटो जनसम्पर्क अधिकारी